प्रेषक,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
प्रयागराज।

सेवा में,

1. अपर जिलाधिकारी नगर, प्रयागराज।
2. अपर जिलाधिकारी प्रशासन, प्रयागराज।
3. नगर आयुक्त, प्रयागराज।
4. क्षेत्रीय प्रबंधक, उ0प्र0 परिवहन निगम, प्रयागराज।
5. नगर स्वास्थ्य अधिकारी, प्रयागराज।
6. नगर मजिस्ट्रेट, प्रयागराज।
7. समस्त उप जिलाधिकारी, प्रयागराज।
8. क्षेत्रीय निदेशक, सी0बी0एस0ई0 बोर्ड, प्रयागराज।
9. जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज।
10. बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज।
11. सहायक श्रम आयुक्त, प्रयागराज।
12. वाणिज्य कर अधिकारी, प्रयागराज।
13. जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रयागराज।
14. जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रयागराज।
15. मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रयागराज।
16. जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।
17. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, प्रयागराज।
18. औषधि निरीक्षक, प्रयागराज।
19. सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज।
20. जिला मनोरंजन कर अधिकारी, प्रयागराज।
21. कृषि प्रसार अधिकारी, प्रयागराज।
22. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, प्रयागराज।
23. पर्यटन अधिकारी, पर्यटन विभाग, प्रयागराज।

पत्रांक : मु.चि.अ. / तम्बाकू नि. प्रकोष्ठ / 2020–2021 \ 651 दिनांक : 15.05.2020

विषयः प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव हेतु समस्त सरकारी एवं सार्वजनिक स्थानों पर पान मसाला / तम्बाकू / अन्य तम्बाकू उत्पाद को प्रतिबंधित एवं आवश्यक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ / 2019–20 / 8375 लखनऊ / दिनांक 13.4.2020 एवं पत्रांक राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ / 2019–20 / 8365 लखनऊ / दिनांक 18.3.2020 द्वारा अवगत कराया गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोरोना वाइरस (कोविड–19) को महामारी घोषित किया जा चुका है तथा भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा इसे विश्व व्यापी महामारी को गंभीरता से लेते हुए इसकी रोकथाम एवं बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी करते हुए हेल्पलाइन नम्बर– 18001805145 भी जारी किये गये हैं।

चूँकि प्रदेश में लगभग 29.4% लोग धूम्रपान रहित तम्बाकू का किसी न किसी रूप से सेवन करते हैं जो कि वर्तमान में तम्बाकू एवं पान– मसाला का सेवन कर इधर–उधर थूकने से कोरोना वाइरस (कोविड–19) को फैलने में सहायक हो सकता है एवं प्रधानमंत्री द्वारा बहुउद्देशीय स्वच्छ भारत मिशन व अन्य बीमारियों की रोकथाम हेतु भी तम्बाकू व पान मसाला का सेवन बड़ी बाधा है।